## संक्षिप्त

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बौंली- बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के आरामपूरा, जखोलास सडक मार्ग पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार आशाराम गुर्जर निवासी ठिकरिया थाना बाटोदा की मौके पर ही मौत हो गई ।सूचना पाकर बाटोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को कब्जे में लेकर बरनाला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आशाराम गुर्जर निवासी ठिकरिया बाइक से जा रहा था, इसी दौरान आरामपुरा, जखोलास सडक मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, टक्कर इतनी तेज थी कि आशाराम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी।

### सरकारी स्कूल में जर्सी व स्वेटर वितरण

**शाहपुरा,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाजैकला में ठंड के मौसम में जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से राहत देने के उद्देश्य से कक्षा 1 से 8वीं तक सभी विद्यार्थियों को शुक्रवार को भामाशाह रोहिताश्व कुमार रूडला, ठाणी गोपालवासी, जाजैकला निवासी एवं रणवीर सेवा समिति के उपाध्यक्ष द्वारा जर्सी एवं स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य अमरसिंह जाट, मोहनलाल जाट, रामलाल कुशवाह एवं जाजैकला विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य जयसिंह यादव ने भामाशाह का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### देशी शराब के पव्वों सहित आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। अति. पुलिस अधीक्षक मालुपरा के निर्देशन मे पचेवर थानाधिकारी प्रीती रत्नु के नेतृत्व में गठित टीम ने अवैध शराब के विरुध्द कार्यवाही करते हुए क्षैत्र स्थित स्याह गांव के बनवारी लाल पुत्र कालू राम बैरवा उम्र 42 साल निवासी अडूस्या थाना लाम्बाहरिसिंह के कब्जे से 96 प्लास्टिक के पव्वे अवैध देशी शराब जप्त किये गये। इस दौरान पुलिस ने अपराधी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया।

### दो बाइक चोर गिरफ्तार

**टोंक,**(निसं)। देवली पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद की है। देवली थाना प्रभारी दौलत राम गुर्जर ने बताया गत 13 जनवरी को परिवादी सुंदर लाल मीणा निवासी कासीर ने अपनी मोटरसाइकिल बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने खाद-बीज की दुकान के पास से चोरी होना बताया। जिसके बाद पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर तथा मुखबिर से सूचना के बाद दो संदिग्ध अपराधियों को मोटरसाइकिल लेकर चर्च रोड से जयपुर रोड की तरफ जाते हुए पूछताछ के बाद आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार कर ली।

### नवल सोनी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया

**सांभरझील,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अभाव अभियोग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष योगिता शर्मा ने सांभर के नवल किशोर सोनी को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर उनके इष्ट मित्रों व कांग्रेसजनों की ओर से प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# चौमूं कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने एसआईआर में अनियमितताओं को लेकर उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**चौमूं/कालाडेरा,** ( निंस )। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के आव्हान पर तथा चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला के निर्देश पर शुक्रवार को चौमूं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नगर कांग्रेस कमेटी एवं समस्त मण्डल अध्यक्षों के संयुक्त तत्वावधान में चौमूं उपखण्ड अधिकारी दलीप सिंह राठौड़ को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया।



कांग्रेस कमेटी एवं समस्त मण्डल अध्यक्षों के संयुक्त तत्वावधान में चौमूं उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

- **ज्ञापन के माध्यम से मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत बड़ी संख्या में बिना ठोस कारण एवं विवरण के फॉर्म-7 जमा किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई**

ज्ञापन के माध्यम से मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत बड़ी संख्या में बिना ठोस कारण एवं विवरण के फॉर्म-7 जमा किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। साथ ही नियम विरुद्ध तरीके से प्रस्तुत किए गए फॉर्म-6, 7 एवं 8 की संकलित सूची उपलब्ध कराने, ऐसे सभी अवैध आवेदनों पर संज्ञान नहीं लेने तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों/संगठनों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अवहेलना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला गंभीर विषय है, जिस पर तत्काल और निष्पक्ष कार्रवाई आवश्यक है। उपखण्ड अधिकारी चौमूं से इस प्रकरण में शीघ्र हस्तक्षेप कर उचित कदम उठाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर पश्चिम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गिरिराज देवंदा, पूर्वी ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश शर्मा, नगर अध्यक्ष सायरमल सैनी, पीसीसी सदस्य महेन्द्र लाम्बा, पूर्व नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र चौधरी, मण्डल अध्यक्ष राकेश कुमावत, लालाराम बलेसरा, रामस्वरूप सोकरिया, राजेन्द्र डागर, रामकरण यादव, सुरेन्द्र कुमार मीणा, अश्विनी वर्मा, पार्षद रमेश चंद सैनी, महेश नायक, एडवोकेट रामदेव चौधरी, गोपाल जांगिड़ सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कुरैशी महासभा के लिए नियुक्तियां जारी

**सांभरझील,** (निसं)। कुरैशी महासभा संस्थान विधि विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हाजी मकबूल मंडेलिया ने विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति पत्र जारी किया। इसके अंतर्गत अध्यक्ष पद पर जोबनेर के एडवोकेट हाजरा कुरैशी, उपाध्यक्ष पद पर सांभर के एडवोकेट जुल्फिकार अली कुरेशी, जयपुर के मोहम्मद जीशान, आबू रोड के मोहम्मद रफी, झुंझुनू के मोहम्मद बिलाल, डीडवाना के नदीम कुरैशी, खेतड़ी के एजाज कुरैशी को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार नवाब खत्री मंडावा, नवाब कुरैशी नसीराबाद, साजिद मुमताज सरदार शहर, आबिद कुरैशी केकडी, फारूक कुरैशी जालौर, रूबेन कुरैशी जयपुर को महासचिव पद पर नियुक्ति दी गई है। डा. आमिर आसिफ कुरेशी डीडवाना कोषाध्यक्ष का काम देखेंगे। इस कार्य के सहयोग के लिए शबनम खत्री रतनगढ़ को जिम्मा दिया गया है।

# किशनगढ़ बास में दिनदहाड़े पत्रकार के घर के बाहर से बाइक चोरी

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। पुलिस थाना से चंद कुछ ही दूरी पर स्थित रैणी मौहल्ला स्थित पत्रकार के मकान के बाहर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर दिनदहाडे ले गए।

सीसीटीवी कैमरे में अज्ञात चोर का हुलिया कैद होने पर बाईक मालिक पत्रकार मुकेश सोनी ने पुलिस को सीसीटीवी कैमरे फटेज में साफ दिखाई दे रहे युवक की तस्वीर के साथ बाईक चोरी का मामला दर्ज कराया है। इससे पहले बाईक मालिक सोनी ने पुलिस साहयता केंद्र 100 नंबर पर सूचना दी है। मामला 15 जनवरी 2026 गुरुवार का है। पत्रकार मुकेश सोनी गुरुवार को पत्नी के साथ घरेलू काम से बाहर गए थे। काले कलर की रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल, 350 सीसी नंबर आर जे आर एस 1831 घर के बाहर खड़ी हुई थी। बाइक चोरी का मालूम पड़ने पर घर के बाहर लगे कैमरे को



कमरे में हुआ चोर का चेहरा कैद।

चैक पर पाया कि एक युवक मुंह पर कपडा लपेट हुए दोपहर करीब 3 बजे आया और बाइक को ले गया। पत्रकार सोनी ने आगे की पड़ताल शुरू की और आसपास घूमकर लोगों से पुछताछ करने पर मालूम चला कि दो युवक बाइक को पैदल खींचकर रैणी मौहल्ले के पीछे की तरफ से किले की ओर जाने वाले रास्ते की ओर ले गए। पत्रकार सोनी ने इस रास्ते पर घारी सिंघी व अस्पताल

- **पत्रकार ने पुलिस को सीसीटीवी कैमरे से लिए बाइक चोर की फोटो के साथ कराया मामला दर्ज**

में कंपाउंडर दिनेश सोनी के मकान के बाहर लगे कैमरे देखें तो दिनेश सोनी के लगे कैमरे में अज्ञात चोर बाइक को किले की ओर लेकर जाते दिखाई दिए जिसमें एक युवक जो बाइक पर सवार था उसका हुलिया स्पष्ट दिखाई दिया तथा दूसरा बाइक को धक्का देता हुआ दिखाई दिया। कैमरे की फुटेज लेकर पत्रकार सोनी आगे बडे और किले ऊपर पहुंचे तो दुकानदार युवक ने बताया कि दोपहर को दो युवक पैदल बाइक ले जाते देखें उन्हें रोक कर पूछा तो उन्होंने बाइक स्टार्ट नहीं होने की बात कहकर किले की ओर आगे निकल गए।

छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की जानकारी दी।

बौंली -बामनवास,(निसं)। क्षेत्र के लाखनपुर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित माध्यमिक हरि ओम पब्लिक स्कूल में इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब निर्वाचन साक्षरता (ईएलसी) की बैठक बूथ लेवल अधिकारी, राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय खेड़ा के प्रधानाध्यापक हनुमान प्रसाद मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बूथ लेवल अधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पत्र प्रपत्र 6 भरने, शुद्धिकरण करवाने, पता बदलवाने व ए एस आई आर के बारे में विस्तृत जानकारी दी।विद्यालय के ईएससी प्रभारी सूरजमल वैष्णव ने विद्यालय में क्लब के गठन के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में ईएससी क्लब की अध्यक्ष कक्षा 9 की छात्रा गीत कंवर व वाइस चेयरमैन कक्षा 10 के छात्र गोविंद वर्मा ने जुलाई से दिसंबर 2025 तक का मासिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं को पारितोषिक बाल पेन प्रदान किए। संस्था प्रधान राजवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# देवली पुलिस ने बाइक चोरी के चंद घंटों में चोरों को गिरफ्तार किया

**देवली,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने बाइक चोरों को पकड़ने में सक्रियता दिखाते हुए शहर में हुई बाइक चोरी एक वारदात के 2 दिन बाद ही चोरों को गिरफ्तार करते हुए एक मामले में बाइक चोरी का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को धर दबोचा और उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

थाना प्रभारी दौलत राम गुर्जर के अनुसार गत 13 जनवरी को परिवादी सुन्दर लाल मीणा निवासी कासीर ने पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि उसकी मोटरसाइकिल शहर के बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने खाद-बीज की दुकान के पास से चोरी हो गई है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत जांच शुरू कर दी। इसी के साथ थानाधिकारी दौलत राम गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति बिना नंबर की मोटरसाइकिल लेकर शहर के चर्च रोड से जयपुर रोड की तरफ जा रहे हैं।

- **बाइक चोरी करने वाले दो शातिर चोर देवली पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की**

मुखबिर से मिली इस सूचना पर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चर्च रोड पर नाकाबंदी कर दी और संदिग्धों को रोककर पूछताछ की।

बाइक चोरों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो बाइक चोरों ने उक्त मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। इस कार्रवाई पर पुलिस ने बताया कि आरोपियों में घनश्याम पुत्र भंवरलाल निवासी बीबनवा रोड, बूंदी का रहने वाला और दूसरा आरोपी नरेन्द्र कुमार मीणा उर्फ रायसिंह पुत्र रामसिंह निवासी ऊँचा, थाना हनुमान नगर जिला भीलवाडा का रहने वाला हैं।

इस मामले में पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपी नरेन्द्र कुमार आदतन अपराधी है।, जिस पर पूर्व में हनुमान नगर थाने में मारपीट का मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उन्हें जेल भेज दिया है।

# जिला कलेकटर ने पीएम श्री महात्मा गांधी विद्यालय का निरीक्षण किया



पीएम श्री विद्यालय गुलजारबाग का जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने औचक निरीक्षण किया।

**टोंक,** (निसं)। पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, गुलजारबाग का शुक्रवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।

निरीक्षण के समय विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पारीक एवं पीएम श्री प्रभारी प्रदीप धतूरिया ने विद्यालय में संचालित पीएम श्री योजनाओं एवं

- **पीएम श्री योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी विजिटर रूम में जिला कलेक्टर को दी**

गतिविधियों की विस्तृत जानकारी विजिटर रूम में जिला कलेक्टर को दी। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी शुभे सिंह यादव, एडीपीसी रामगोपाल बलाई, एपीसी रामजी लाल मीणा एवं एपीसी शिवप्रसाद मीणा भी निरीक्षण दल में सम्मिलित रहे। अधिकारियों ने कक्षा-कक्षों, अभिलेखों एवं शैक्षणिक वातावरण का निरीक्षण किया गया। जिला कलेक्टर ने विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए गुणवत्ता-पूर्ण शिक्षा एवं पीएम श्री योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण से विद्यालय परिवार में उत्साह का वातावरण रहा।

## सार-समाचार

### अति. जिला कलेक्टर ने निरीक्षण किया

**कोटपूतली,**(निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्ट ओमप्रकाश सहारण ने शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा बाल अधिकारिता विभाग के जिला कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित कार्मिकों को समय पर कार्यालय आने तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की जानकारी लेते हुए उनकी प्रगति की समीक्षा की तथा योजनाओं के प्रभावी एवं बेहतरीन क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने पालनहार योजना एवं पेंशन योजनाओं के शत-प्रतिशत वार्षिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु जातियों के लिए आयोजित किए जा रहे शिविरों की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन भिजवाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला अधिकारी विपिन द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने राजकीय अंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए रसोईघर एवं शौचालय की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिला कार्यालयों के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

### पांच हजार रुपये का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कोटपूतली,** (निसं)। जिला स्पेशल टीम ने 05 हजार रुपये के ईनामी वांछित अभियुक्त के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की हैं, जो पुलिस थाना बानसूर के मारपीट व एससी/एसटी एक्ट के प्रकरण में लम्बे समय से फरार चल रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई द्वारा आपराधिक प्रकरणों में लम्बे समय से फरार चल रहे ईनामी अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर एएसपी नाजिम अली के सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम के प्रभारी अंकित सामरिया व टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता से पुलिस थाना बानसूर के मारपीट व एससी/एसटी एक्ट के प्रकरण में लम्बे समय से फरार चल रहे ईनामी अपराधी की तलाश करते हुये 05 हजार रुपये के ईनामी अभियुक्त कालु उर्फ कृष्णा पुत्र जयराम गुर्जर निवासी लोयती थाना बानसूर को दस्तयाब कर पुलिस थाना बानसूर को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में कानि. विक्रम की विशेष भूमिका रही।

### श्रीयादे माता जयंती पर राजकीय अवकाश की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**फुलेरा,**(निसं)। फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के प्रजापति समाज की ओर से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सांभरलेक उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल को सौंपा गया। ज्ञापन में आगामी 20 जनवरी को श्रीयादे माता जयंती के अवसर पर राजस्थान में राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की गई। उक्त ज्ञापन श्री दक्ष विकास सेवा समिति फुलेरा के अध्यक्ष नंदकिशोर खटोड़ के नेतृत्व में सौंपा गया। समाज की ओर से बताया गया कि श्रीयादे माता पूरे भारतवर्ष के प्रजापति (कुम्हार) समाज की आराध्य देवी हैं तथा राजस्थान में इस समाज की लगभग 7 प्रतिशत आबादी निवास करती है। ज्ञापन में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में विभिन्न समाजों के महापुरुषों एवं आराध्य देवताओं की जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित किए गए हैं। उसी तर्ज पर श्रीयादे माता जयंती पर भी अवकाश घोषित किया जाए, ताकि नौकरीपेशा लोग भी जयंती समारोहों में भाग ले सकें और अपनी आराध्य देवी के प्रति श्रद्धा व्यक्त कर सकें। इस अवसर पर चिरंजीलाल प्रजापत, विनोद कुमार, जुगल प्रजापत, ओमप्रकाश प्रजापत, श्रवणलाल प्रजापत, विजय प्रजापत, दिलीप कुमार प्रजापत, तेजपाल प्रजापत, भंवरलाल प्रजापत, कन्हैयालाल, गोविंदराम प्रजापत, कल्याण प्रसाद, भंवरलाल, गोपाल, रामरतन प्रजापत सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

### चेक बाउंस मामले में कोर्ट ने सुनाई कारावास और जुर्माने की सजा

**फुलेरा,** (निसं)। न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सांभरलेक पीठासीन अधिकारी जयश्री लमोरिया ने चेक अनादरण (बाउंस) के दो प्रकरणों में आरोपी कालूराम माली निवासी भादरपुरा को दोषी ठहराया है। परिवादी फुलेरा निवासी सुरेशकुमार जैन (रोजड़ी वाले) की ओर से दोनों परिवाद दर्ज करवाए गए थे। प्रकरण के अनुसार कालूराम माली ने एक राजीनामा के तहत सुरेश जैन को 50-50 हजार रुपए के तीन चेक दिए थे और कहा था कि इन्हें बैंक में प्रस्तुत करने पर भुगतान मिल जाएगा। लेकिन जब सुरेश जैन ने चेक बैंक में लगाए तो तीनों ही चेक अपर्याप्त निधि (फंड नहीं होने) के कारण बैंक द्वारा लौटा दिए गए। इसके बाद सुरेश जैन की ओर से आरोपी को विधिक नोटिस भिजवाया गया, लेकिन तय समयावधि में भी भुगतान नहीं किया गया। मजबूरन परिवादी ने न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने और दस्तावेजों के अवलोकन के बाद न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि आरोपी ने समय पर राशि का भुगतान नहीं किया, जिससे परिवादी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

### 94.80 की लागत से होगा सड़कों के नवीनीकरण कार्य

**चौमूं / कालाडेरा,** ( निंस )। सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान के मुख्य अभियंता (सड़क) ने विधानसभा क्षेत्र चौमूं के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए अतिरिक्त सड़क मरम्मत कार्यक्रम के तहत 94.80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। क्षेत्र के लिए 94.80 लाख रुपयों की स्वीकृति जारी करने पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री व सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया है।

# पावटा कस्बे के मुख्य बाजारों में बेखौफ बाइक चोर गैंग सक्रिय

**पावटा,** (निसं)। कस्बे के प्रमुख बाजारों में इन दिनों बाइक चोर गैंग खुलेआम सक्रिय है। बेखौफ चोर बाइक पर सवार होकर दुकानों के बाहर रुकते हैं और मौका मिलते ही दुकान के गल्ले व बाहर रखा कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते हैं।

दिनदहाड़े हो रही इन वारदातों ने व्यापारियों और आमजन में भय का माहौल बना दिया है। गुरुवार दोपहर 2.30 बजे के करीब पावटा कस्बा स्थित रामोतार जांगिड़ कटले में राहुल गोयल पुत्र सुभाष गोयल की पुष्पक कोरियर के नाम से दुकान के गल्ले से चोर हजारों रुपए चोरी कर फरार हो गए। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि अब तो दिन में भी अज्ञात बाइक सवार गैंग द्वारा बाजारों में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद पुलिस गश्त न के बराबर है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी वारदात को अंजाम दे रहे हैं,जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि कई

- **लगातार वारदातों से व्यापारी दहशत में, पुलिस की सुस्ती पर उठे सवाल**

स्थानों पर चोरी की घटनाएं सीसीटीवी कैमरों में कैद होने के बावजूद अब तक न तो किसी की गिरफ्तारी हुई है और न ही गैंग का खुलासा।

हर बार वही रटी-रटाई कार्रवाई-जांच के नाम पर खानापूर्ति-और फिर मामला ठंडे बस्ते में। व्यापारियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने सख्ती नहीं दिखाई तो बाजारों में कारोबार करना मुश्किल हो जाएगा।

लोगों ने मांग की है कि बाजारों में स्थायी पुलिस गश्त, संदिग्ध बाइक सवारों की सख्त जांच और चोर गैंग के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही चोरों पर शिकंजा नहीं कसा गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतरने से पीछे नहीं हटेंगे।

### शहीद स्मारक के लिए भूमि आवंटन की मांग

**टोंक,** (निसं)। देवली उपखण्ड के दूनी के गौरव सेनानियों ने शहीद स्मारक के लिए भूमि आवंटन की मांग को लेकर तहसीलदार और उपखंड अधिकारी देवली को ज्ञापन सौंपा। पूर्व सैनिकों ने बताया कि केंद्र सरकार ने इस परियोजना के लिए एक एकड़ भूमि के आवंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी कर कंप्लीशन रिपोर्ट मांगी है। संस्था द्वारा इस संबंध में पूर्व में भी कई बार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है।

हालांकि, दो साल बीत जाने के बाद भी भूमि आवंटन की प्रक्रिया अब तक लंबित है। इसी के चलते दूनी ब्लॉक के गौरव सेनानियों ने उपयुक्त जमीन चिन्हित कर उसके आवंटन के लिए पुनः ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस मांग पर दूनी तहसीलदार ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द ही शहीद स्मारक के लिए एक एकड़ जमीन आवंटित करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कप्तान रामसागर मीना, कप्तान पूर्णवीर सिंह, सोजीलाल केलाराम और दूनी ब्लॉक के अन्य सभी गौरव सेनानी उपस्थित थे।

# सांभर में मिथक बना स्वच्छता का संदेश लेकिन रिकार्ड में अव्वल

**साभरझील,** (निसं)। स्वच्छता का संदेश व नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प दिलाने वाला विभाग यदि खुद ही अमल करना भूल जाए तो फिर दोष किसे दिया जाए।

यानी सिस्टम केवल सार्वजनिक स्थान और दीवारों पर स्वच्छता का संदेश का नारा लिखा कर भले ही अपने ही अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ले लेकिन नारे लिखने से नगर कभी स्वच्छ नहीं हो सकता इस बात के अनेक प्रमाण सांभर में आज से नहीं कई वर्षों से लगातार देखने को मिल रहा है। अब आपको ऐसे दो प्रमुख स्थान बताते हैं जिसे किसी भी रूप में झूठलाया नहीं जा सकता।

पहला प्रमुख स्थान है राजकीय युनानी औषधालय व प्रमुख डाकघर के नजदीक कई दशकों से खुला कचरा डिपो सिस्टम की खुलेआम पोल खोल रहा है। जिस जगह डाकघर है वहां आर्य समाज भवन भी है। एक दुकान के नजदीक से होकर जाने वाला लिंक रोड जो कि अग्निशमन केंद्र के आगे जाकर




सांभर में विभिन्न जगहों पर सफाई ना होने के कारण जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर लगे।

खुलता है को पालिका ने दोनों तरफ फाटक लगाकर करीब 4 महीने पहले बंद कर दिया गया है। किस सुविधा से बंद किया या इसमें क्या दुविधा थी यह तो जिम्मेदार अधिकारी ही जाने लेकिन इससे कुछ लोग संतुष्ट हैं तो अधिकांश इस निर्णय को गलत ठहरा रहे हैं। यह बताना जरूरी है कि जिला व राज्य स्तर की स्वछता टीम के निरीक्षण के दौरान

- **राजकीय युनानी औषधालय व प्रमुख डाकघर के नजदीक कई दशकों से खुला कचरा डिपो सिस्टम की खुलेआम पोल खोल रहा है**

उन्हें केवल वही स्थान दिखाए जाते हैं जिन्हें सिस्टम के अकॉर्डिंग सेट करके पहले से साफ कर दिया जाता है और प्रथम स्थान के लिए अंक हासिल कर लिए जाते हैं अथवा व्यवस्था हो जाती है। विगत वर्षों में कई बोर्ड बने और चले गए पार्षद सदन में मुद्दा उठाते रहे, अधिकारी सुनते रहे लेकिन अध्यक्ष जो की निष्क्रियता की श्रेणी में माने गए हैं पूरी तरह से सांभर का बंटाधार करके चले गए। हकीकत यह है कि सांभर में स्वच्छता नजर नहीं आती है और न ही सांभर नगरी पर्यटन के अनुरूप सुंदर बन सकी है।